समाचार

निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी

(तुलसीनगर राताखार मार्ग पर किए गए 18 अतिक्रमणों को हटाया निगम अमले ने, 12 को दी नोटिस)

कोरबा 18 अगस्त 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, शासकीय जमीनों पर होने वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। आज इसी कड़ी में तुलसीनगर राताखार मार्ग पर बांस–बल्ली व टेंट लगाकर किए गए 18 अतिक्रमणों को निगम अमले ने हटाया, तो वहीं दूसरी ओर 12 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की नोटिस दी, यदि नोटिस के बाद भी उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाता, तो निगम कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटायेगा।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा व अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, किन्तु इसके बावजूद अतिक्रमणकारी किसी न किसी रूप में अतिक्रमण करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। सड़कों के किनारे, शासकीय जमीनों व सार्वजनिक स्थानों में किए जा रहे अतिक्रमण के प्रयास को निगम द्वारा लगातार असफल किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज तुलसीनगर राताखार सड़क पर अतिक्रमण हटाया गया, उक्त मार्ग पर सड़क के किनारे अतिक्रमणकारियों द्वारा बांस–बल्ली में टेंट आदि लगाकर अतिक्रमण किया गया था, निगम अमले ने आज उक्त मार्ग से 18 अतिक्रमणकारियों को हटाया, इसके साथ ही 12 अन्य अतिक्रमणकारियों ने निगम ने नोटिस दी है कि वे स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लें, यदि उनके द्वारा निर्धारित समय के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता तो निगम उनके अतिक्रमणों को भी हटायेगा।

अतिक्रमण न करें, असुविधा से बजे– आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने बेजा कब्जा करने वालों को समझाईश देते हुए कहा है कि वे निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय व

निगम की जमीन पर अतिक्रमण करने का प्रयास न करें। उन्होने कहा है कि निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है, अतः अतिक्रमण हटाने से होने वाली असुविधा से बचने हेतु अतिक्रमण न करें। आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के मैदानी अमले को भी कड़े निर्देश दिए है कि वे अतिक्रमण पर सतत नजर रखें तथा यदि कहीं पर भी नया अतिक्रमण होते पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना निगम के अतिक्रमण दस्ते को दें तथा यह सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र में कोई भी नया अतिक्रमण न होने पायें।